# लोकायुक्त के शिकंजे में बिजली विभाग का एसई, आय कम, संपत्ति करोड़ों की..!

- 9 ठिकानों पर एक साथ छापा, करोड़ों की संपत्ति की जांच
- 33 साल की नौकरी में 2 करोड़ वेतन, 7 करोड़ से ज्यादा खर्च का हिसाब तलाश रही लोकायुक्त टीम
- अधीक्षण यंत्री के घर-दफ्तर और फैक्ट्रियों पर लोकायुक्त की दबिश, आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रदेश के पश्चिम क्षेत्र की विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री (पारे एवं वित्त) शिवराम सेमिल के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की. इंदौर की टीम ने अधिकारी के इंदौर सहित प्रदेश के चार जिलों में स्थित 9 ठिकानों पर एक साथ सर्च शुरू की. प्रारंभिक जांच में अधिकारी की आय की तुलना में संपत्ति, फैक्ट्रियों और अन्य निवेश पर कई गुना अधिक खर्च सामने आया है.

शिवराम सेमिल को 33 साल की सेवा अवधि में करीब 2 करोड़ रुपए का नेट वेतन मिला, जबकि जांच में अब तक 6 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक का व्यय सामने आया है. जीवन यापन खर्च जोड़ने के बाद खर्च 7 करोड़ 16 लाख रुपए से ज्यादा आंका है, जो आय की तुलना में करीब 258 प्रतिशत अधिक बताया है. हालांकि सर्च पूरी होने और दस्तावेजों की जांच के बाद ही संपत्ति का अंतिम आंकलन किया जाएगा. इंदौर में अधिकारी के आवास सहित अन्य ठिकानों पर जांच की. यहां पुलिस को बेटे और बहू के नाम से भी करोड़ों के निवेश की जानकारी सामने आई है. लोकायुक्त पुलिस ने शिवराम सेमिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. कार्रवाई इंदौर के 4, पीथमपुर के 2, धार के 2 और मुरैना के 1 ठिकाने सहित कुल 9 स्थानों पर जारी है.

**कार्रवाई में यह रहे शामिल-** कार्रवाई में डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान, दिनेश पटेल, दीपक शेजवार सहित निरीक्षक प्रतिभा तोमर, राजेंद्र वर्मा, आशुतोष मिठास और सचिन पटेरिया की टीमें शामिल हैं. मुरैना स्थित मकान पर ग्वालियर लोकायुक्त के निरीक्षक केपीएस बैंस के नेतृत्व में सर्च जारी है.

### सर्च पूरी होने के बाद होगा आंकलन...

धार और मुरैना स्थित 9 ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की जा रही है. जांच में मिले दस्तावेजों, संपत्तियों और निवेश का मूल्यांकन किया जा रहा है. सर्च पूरी होने के बाद आय और व्यय का वास्तविक आंकलन किया जाएगा.

- राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त, इंदौर

# 18 साल से इंदौर में ही जमे हैं कृषि विभाग में उपयंत्री भार्गव

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर कृषि विभाग में एक सवाल इन दिनों बहुत चर्चा का विषय बन चुका है. 18 साल से एक उपयंत्री का तबादला नहीं होता है, फिर किसी की भी सरकार और कैसी भी तबादला नीति बन जाए, लेकिन उपयंत्री मनोज भार्गव इसी शहर में जमे हुए हैं.**

अभी कृषि विभाग में प्रदेश के कई अधिकारियों के तबादले किए गए है, लेकिन मनोज भार्गव का तबादला सूची में नाम नहीं था. उपयंत्री भार्गव के पास किसानों की सब्सिडी जैसी करोड़ों रुपए से योजनाओं का प्रभार है. उक्त पद एवं प्रभार एक ही अधिकारी के पास होना कई सवाल खड़े कर रहा है. विभागीय सूत्रों के अनुसार, कृषि यंत्र सब्सिडी, कस्टम हायरिंग सेंटर और अन्य अनुदान योजनाओं से जुड़े काम लंबे समय से भार्गव के पास हैं. इन्हीं योजनाओं के भरोसे किसान खेती के लिए मशीनें और संसाधन जुटाते हैं. मगर किसानों की शिकायत है कि सब्सिडी समय पर नहीं मिलती हैं और उन्हें बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि इसका जवाबदेह कौन है? इस समय कृषि विभाग में नई पदस्थापनाओं और पदोन्नति की प्रक्रिया चल रही है. ऐसे में विभाग के कर्मचारियों और किसानों की मांग है कि भार्गव की 18 वर्षों पर एक जगह पदस्थापना की निष्पक्ष जांच होना चाहिए.

# अवंतिका गैस अग्नि कांड में भाजपा पार्षद पर एफआईआर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में पिछले महीने सुमन नगर में बोरिंग करने के दौरान अवंतिका गैस लाइन फटने से आग लग गई थी. उक्त मामले को जनहित याचिका दायर की गई थी. हाईकोर्ट में याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस ने बताया कि अवंतिका गैस अग्नि कांड में पार्षद पर एफआईआर दर्ज कर ली गई.

पिछली 23 जून को विजय नगर चौराहे के पास सुमन नगर में अवंतिका गैस लाइन पर क्षेत्रीय पार्षद बालमुकुंद सोनी द्वारा अवैध एवं बिना निगम अनुमति के बोरिंग कराया जा रहा था. बोरिंग के दौरान मौके पर अवंतिका गैस लाइन पर ड्रिल होने से आग लग



गई थी, जिसमें चार लोग बुरी तरह से झुलस गए थे. एक पीड़ित को एयर लिफ्ट कर इलाज के लिए अहमदाबाद भेजा गया है.

उक्त मामले को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता रितेश ईनाणी ने जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें शासन की ओर से अधिवक्ता अमित भाटिया एवं ऋषि तिवारी उपस्थित हुए. हाईकोर्ट में आज सुनवाई के दौरान घटना के लिए जिम्मेदार भाजपा पार्षद बालमुकुंद सोनी सीधे जिम्मेदार थे, लेकिन उन पर पुलिस कार्रवाई से बच रही थी और जब्त बोरिंग मशीन भी छोड़ दी गई.

उक्त बिंदु को लेकर अधिवक्ता रितेश ईनाणी ने आपत्ति ली थी. आज सुनवाई के दौरान एसीपी विजय नगर पराग सैनी ने हाईकोर्ट को बताया कि पार्षद सोनी पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है. इसके पूर्व कपिल शर्मा और अन्य पर कारवाई की जा चुकी है.

# लोन का झांसा देकर 1 करोड़ ठगे, कोर्ट के आदेश से वापस मिली रकम

- साइबर ठगी के मामले में जिला कोर्ट की पहल
- फ्रीज खातों से बैंक ने पीड़ित के खाते में ट्रांसफर की राशि

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कारोबार विस्तार के लिए 10 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर ठगे गए कारोबारी को आखिरकार राहत मिल गई. लोन के नाम पर गंवाए 1 करोड़ रुपए जिला कोर्ट के आदेश के बाद वापस मिल गए. साइबर सेल की कार्रवाई के दौरान आरोपियों के खातों में फ्रीज कराई गई राशि को बैंक ने कोर्ट के निर्देश पर पीड़ित के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया.**

साइबर ठगी के मामलों में इतनी बड़ी रकम की वापसी इंदौर जिला न्यायालय में महत्वपूर्ण मानी जा रही है. मामला उस समय सामने आया जब कारोबारी को व्यवसाय विस्तार के लिए 10 करोड़ रुपए के ऋण की जरूरत थी. कई प्रयासों के बाद चेन्नई की एक कंपनी से जुड़े लोगों ने उससे संपर्क किया. आरोपियों ने कंपनी के माध्यम से लोन स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया और कारोबारी को चेन्नई बुलाया.

आरोपियों ने विश्वास हासिल करने के लिए 10 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट दिखाया और लोन प्रक्रिया पूरी होने का दावा करते हुए दस्तावेज, चेक और स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करा लिए. इसके बाद प्रोसेसिंग फीस, ब्याज, रजिस्ट्रेशन और अन्य खर्चों के नाम पर उससे करीब 1 करोड़ रुपए जमा करा लिए. रकम लेने के बाद आरोपियों ने लोन देने के बजाय टालमटोल शुरू कर दी और बाद में डिमांड ड्राफ्ट भी वापस ले लिया. इसके बाद कारोबारी को धोखाधड़ी का अहसास हुआ और उसने शिकायत दर्ज कराई. आरोपियों ने ठगी का भरोसा बनाए रखने के लिए दोबारा कारोबारी से संपर्क किया.

वे चेन्नई से इंदौर आए और वीडियो कॉल पर नकदी दिखाने का दावा किया. आरोपियों ने कहा कि 20 लाख रुपए और देने पर 10 करोड़ रुपए का लोन नकद उपलब्ध करा दिया जाएगा. संदेह होने पर कारोबारी ने अतिरिक्त राशि देने से इनकार कर दिया. जांच में सामने आया कि ठगी में करीब 9 से 10 लोगों का समूह शामिल हो सकता है. इसमें एक महिला, खुद को कंपनी का डायरेक्टर बताने वाला व्यक्ति और अन्य सहयोगी शामिल हैं.

### साइबर सेल ने समय रहते फ्रीज कराए खाते

ठगी की शिकायत के बाद कारोबारी ने क्राइम ब्रांच, साइबर सेल और थाने में शिकायत दर्ज कराई. साइबर सेल ने आरोपियों से जुड़े बैंक खातों में मौजूद करीब 1 करोड़ रुपए फ्रीज करा दिए थे. राशि वापस पाने के लिए कारोबारी ने जिला कोर्ट में आवेदन लगाया. कोर्ट ने जांच दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर एक्सिस बैंक को फ्रीज राशि 10 दिन में पीड़ित के खाते में जमा करने के आदेश दिए. इसके पालन में बैंक ने 18 जुलाई को पूरी 1 करोड़ रुपए की राशि कारोबारी के खाते में ट्रांसफर कर दी.

### समय पर कानूनी कार्रवाई से सुरक्षित रही रकम

साइबर सेल ने आरोपियों के खातों में मौजूद राशि फ्रीज करा दी थी. न्यायालय के आदेश के बाद बैंक ने पूरी राशि पीड़ित को वापस कर दी है. समय पर कानूनी कार्रवाई होने से ठगी की रकम सुरक्षित रह सकी.

- पीड़ित के अधिवक्ता, रोहित जैन


## एक नजर में

### इंद्रदेव को मनाने के लिए खेतों में महकी बाग रसोई की खुशबू



**महू.** मालवा अंचल में सावन की खचाखच गर्मी और सूखे के संकट से निपटने के लिए अब ग्रामीणों ने अपनी प्राचीन लोक परंपराओं की शरण ली है. स्थानीय क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से बारिश की एक बूंद भी नहीं बरसी है, जिससे दिन का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. इस तीखी गर्मी के कारण खरीफ की फसलों पर संकट मंडराने लगा है. जुलाई माह का आधा से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी जब तालाब सूखे रहे, तो ग्रामीणों की चिंता बढ़ने लगी. इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हासलपुर पंचायत के सरपंच बाबूलाल नागराज ने गांव के वरिष्ठ समाजजनों से परामर्श किया. इसके बाद पूरे गांव में सामूहिक 'बाग रसोई' के आयोजन का ऐलान किया गया. मान्यता है कि सूखे के समय खेतों में जाकर रसोई बनाने और प्रकृति का आह्वान करने से अच्छी वर्षा होती है. इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए गांव के किसान देवीलाल यादव, अशोक यादव, गणेश कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीण अपने-अपने खेतों में पहुंचे. खेतों में महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया. इसके बाद प्रकृति देव का विधि-विधान से पूजन कर पारंपरिक चूरमे का भोग लगाया गया और सुख-समृद्धि के साथ अच्छी बारिश की प्रार्थना की गई.

### ओमप्रकाश चौहान जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**महू.** ग्राम पंचायत किशनगंज के पूर्व सरपंच और सक्रिय कांग्रेस नेता ओमप्रकाश चौहान को उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए इंदौर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया. चौहान की नियुक्ति जीतू पटवारी के आदेश एवं जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े, सत्यनारायण पटेल और मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत गौहर की अनुशंसा पर की गई. इस नियुक्ति पर अशोक पंवार, गोविंद शर्मा, दिगपाल रविंद्र जैन, आशीष वर्मा, विनोद भार्गव एवं क्षेत्र के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है.

### नगर परिषद में नवनियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत किया




**सांवेर.** लंबे इंतजार के बाद मध्यप्रदेश शासन ने सोमवार को एल्डरमैन नियुक्ति की लिस्ट जारी की, जिसमें केबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट की सहमति से नगर परिषद अध्यक्ष संदीप चंगेड़िया की अनुशंसा पर सांवेर विधानसभा की एक मात्र नगर परिषद सांवेर में विवेक महस्कर, पंकज जैन, किरण जौहरी, ओमप्रकाश यादव को एल्डरमैन नियुक्त किया गया. सभी की नियुक्ति पर नगर परिषद कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष भरतसिंह चौहान, अध्यक्ष संदीप चंगेड़िया, वरिष्ठ नेता सुभाष जैन, कुलवंत सिंह गांधी, भगवती मकवाना, पार्षद रायसिंह डाबी, पप्पू भावसार, घनश्याम शर्मा, जयदीप कानूनगो, इंद्रेश चावड़ा, मनोज शर्मा, राजेन्द्र वर्मा, अमित लोभनिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी परागी गोयल एवं अनेक भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर बधाई दी.

# कार की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एबी रोड बायपास पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया.**

घटना सोमवार रात भारत पेट्रोल पंप के पास कैलोद कर्ताल क्षेत्र में हुई. कार नम्बर एमपी 19 जेडबी 9019 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे देवीसिंह पिता सीताराम अंजने और संजय पिता छितर सावले उम्र 36 साल को टक्कर मार दी. हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देवीसिंह की मौत हो गई. वहीं संजय का इलाज जारी है. तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि मामला दर्ज कर कार चालक की भूमिका और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई. घटना पाटनीपुरा स्थित भेरू बाबा मंदिर के सामने हुई. मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 09 एक्सजे 7688 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वहां मौजूद लक्ष्मी देवी उम्र 60 साल को टक्कर मार दी. टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई. सूचना मिलने पर एमआईजी पुलिस ने मौके की जानकारी जुटाई और वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच जा जा रही है.

# जनसुनवाई में आए 79 आवेदन, तुरंत निराकरण के दिए निर्देश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में आयोजित पुलिस जनसुनवाई में मंगलवार को विभिन्न प्रकार की 79 शिकायतें सामने आईं. इनमें पारिवारिक विवाद, जमीन मकान से जुड़े धोखाधड़ी के मामले, वित्तीय ठगी, ब्लैकमेलिंग, वेतन नहीं मिलने और महिला अपराध सहित कई गंभीर शिकायतें शामिल रहीं. शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर समयबद्ध कार्रवाई एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए.

### पारिवारिक विवाद, संपत्ति, धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग से जुड़े मामले आए



जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में बेटा-बहू एवं पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद, आपसी मतभेद, पैसों के लेन-देन, मकान पर कब्जा, नियोक्ता द्वारा वेतन नहीं देने, युवक युवती द्वारा ब्लैकमेलिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, पुलिस द्वारा सुनवाई नहीं होने, प्लॉट एवं जमीन संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध और अन्य पुलिस संबंधी शिकायतें प्रमुख रहीं. सुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना गया. कई मामलों में संबंधित अधिकारियों से तत्काल फोन पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि अन्य मामलों में शीघ्र जांच कर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा.

अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान किया जाए. जनसुनवाई में सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई प्रारंभ कराई गई. इसके अलावा आपसी एवं पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए पुलिस के मध्यस्थता केंद्रों के माध्यम से काउंसलिंग की प्रक्रिया भी लगातार जारी है, ताकि मामलों का शांतिपूर्ण एवं शीघ्र निराकरण हो सके.

### शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निराकरण ही उद्देश्य

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है. हमारा प्रयास है कि हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निराकरण हो, ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास लगातार मजबूत बना रहे.

# एक साथ 16 रेलवे स्टेशनों पर बनाई मानव श्रृंखला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रदेशभर में चल रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत मंगलवार को रेल इकाई इंदौर के 16 रेलवे स्टेशनों पर एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशे के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश दिया. इस दौरान जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे अधिकारियों कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों, कुलियों, ऑटो चालकों, सफाई कर्मियों, वेंडरों और यात्रियों सहित 4 हजार से अधिक लोगों ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया.



मुख्य कार्यक्रम इंदौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 1 पर आयोजित हुआ. वहीं, रतलाम, उज्जैन, नागदा, नीमच, मेघनगर, शामगढ़, ब्यावरा, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, शाजापुर, मक्सी, देवास, डॉ. आंबेडकर नगर और चंद्रावतीगंज रेलवे स्टेशनों पर भी एक साथ मानव श्रृंखला बनाई गई. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में हाथ डालकर नशे से दूरी है जरूरी, नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और स्वस्थ युवा, सशक्त भारत जैसे नारे लगाते हुए लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया.

**खुद के साथ ही दूसरों को भी रखेंगे नशे से दूर का संकल्प**

**लिया-**अभियान में शामिल लोगों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे, अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करेंगे. साथ ही रेलवे परिसर या ट्रेनों में किसी व्यक्ति को नशा करते देखने पर उसे समझाने और जरूरत पड़ने पर पुलिस को सूचना देने का भी संकल्प लिया. अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की.

### नशे से लड़ने समाज की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी

रेल पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने बताया कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस के प्रयासों से नहीं जीती जा सकती, इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है. उन्होंने कहा कि रेलवे, आरपीएफ, स्टेशन प्रबंधन, विभिन्न संस्थाओं और विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों के सहयोग से यह अभियान अब जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है.

# डीएवीवी तक्षशिला परिसर से 9 बैटरियां और आरओ सिस्टम चोरी

**इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के तक्षशिला परिसर में चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात बदमाश परिसर से आईटी सेंटर की विद्युत बैकअप प्रणाली में लगी 9 बैटरियां और छात्रावास में लगा आरओ सिस्टम चोरी कर ले गए.**

आईटी सेंटर सेंट्रल लाइब्रेरी बिल्डिंग में पदस्थ 52 वर्षीय रविंद्र शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि ड्यूटी के दौरान गार्ड ने सामान गायब होने की जानकारी दी. जांच करने पर पता चला कि आईटी सेंटर में लगे यूपीएस/इन्वर्टर सिस्टम की 9 बैटरियां और जवाहरलाल नेहरू बालक छात्रावास में लगा 400 लीटर क्षमता का वॉटर कूलर सहित आरओ सिस्टम गायब है. थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि कर्मचारियों ने आसपास संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन सामान का कोई पता नहीं चला. इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी. अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है.

## एक नजर में

**करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के दावों के बीच नगर निगम की लापरवाही आम जनता पर पड़ रही भारी**

# आधे-अधूरे पड़े नसिया रोड पर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**इंदौर.** करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के दावों के बीच नगर निगम की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही है. सरवटे बस स्टैंड से लगे नसिया रोड पर सीवरेज लाइन का काम पूरा होने के चार महीने बाद भी सड़क अधूरी पड़ी हैं, जिससे रोजाना वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं. जिम्मेदारों की इस अनदेखी के कारण किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

शहर में विकास कार्यों के नाम पर सड़कें खोदकर महीनों तक अधूरी छोड़ देना नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है. ताजा मामला सरवटे बस स्टैंड से लगे



व्यस्ततम नसिया रोड का है, जहां बड़ी सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी. निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया गया. फिलहाल मार्ग पर केवल गिट्टी और कच्चा मटेरियल डालकर खानापूर्ति कर दी गई है. लगातार बारिश के कारण सड़क जगह-जगह धंस चुकी है, बड़े गड्ढों में पानी भर रहा है और सीवरेज चैंबर भी सड़क से ऊपर उभर आया है. बिखरी गिट्टी के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार हाल ही में दो छात्राएं भी दुर्घटना का शिकार हुईं, हालांकि बड़ा हादसा टल गया. यह मार्ग शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है, जहां सुबह से रात तक भारी यातायात रहता है. इसके बावजूद नगर निगम की अनदेखी से नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती इस ओर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

### यह बोले आम नागरिक...



पिछले चार महीने से यह समस्या बनी हुई है. दिन में कई बार जाम लग जाता है. बड़ी गाड़ियां फंसती हैं, छोटे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं. पब्लिक को बहुत नुकसान हो रहा है.

- ललित दवे



व्यवसाय के अलावा इस मार्ग पर स्कूल कॉलेज भी हैं, जहां से छात्र-छात्राएं निकलते हैं. वे भी इस समस्या का शिकार हो रहे हैं. इस मार्ग को जल्दी से जल्दी बनाया जाए.

- अर्पित मगरे



जैसे-जैसे बरसात हो रही है, वैसे-वैसे गड्ढे बढ़ रहे हैं. इस मार्ग से निकलना मुश्किल हो रहा है. आम जनता की सुविधा के लिए अब इसे जल्दी से बना देना चाहिए.

- मुकेश